मांग संख्या 29
मुख्य शीर्ष 2014

मद कमांक 1

राज्य शासन द्वारा माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर की स्थापना में 15 पद वाहन चालक के वेतनमान 2610-3540 में एवं 20 पद भृत्य के वेतनमान 2550-3200 में पद सृजन हेतु रूपये 100 का प्रतीक आकस्मिक निधि अग्रिम स्वीकृत किया है । यह विभागीय बचत किया जावेगा ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 100 के प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2

1. राज्य शासन द्वारा अधीनस्थ न्यायालयों में 12 विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के वेतनमान 9000-14550 में पद निर्माण किया जाना है ।

2. राज्य शासन द्वारा नवगठित जिला बीजापुर एवं नारायणपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है इस हेतु निम्नानुसार पदो का सृजन किया जाना है :-

कमांक	**पदनाम**	**पद संख्या**	**वेतनमान**
1	सिविल न्यायाधीश वर्ग-एक एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट	02	14200-18350
2	स्टेनोग्राफर	02	4500-7000
3	प्रस्तुतकार	02	3050-4590
4	निष्पादन लिपिक	02	3050-4590
5	आदेशिका लेखक	02	3050-4590
6	साक्ष्य लेखक	02	3050-4590
7	कनिष्ठ नायब नाजिर	02	3050-4590
8	विकय अमीन	02	3050-4590
9	प्रतिलिपिकार	02	3050-4590
10	दफ्तरी कम फराश	02	2550-3200
11	भृत्य	02	2550-3200
12	आदेशिका वाहक	04	2550-3200
13	चौकीदार	02	जिलाध्यक्ष दर
14	वाटरमेन	02	जिलाध्यक्ष दर
15	स्वीपर	02	जिलाध्यक्ष दर
	योग	**32 पद**	

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 21,60,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 3

शासकीय अभिभाषक कार्यालय के भृत्यों वर्दी हेतु राशि रूपये 0.20 लाख की आवश्यकता है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 20,000 का प्रावधान किया गया है ।

मद कमांक 4

1. नवीन जिला नारायणपुर एवं बीजापुर में निर्वाचन कार्यालय हेतु पदों का सृजन की आवश्यकता निम्नानुसार है:-

स.क.	जिले का नाम	निर्वाचन पर्यवेक्षक(वेतनमान) 4500-7000	स्हा. वर्ग 2(वेतनमान)4000-6000	स्हायक वर्ग 3 (वेतनमान) 3050-4590	डाटा एन्ट्री आपरेटर (वेतनमान) 3500-5200	भृत्य (वेतनमान) 2550-3200
1	नारायणपुर	01	01	02	01	02

2	बीजापुर	01	01	02	01	02
	योग	02	02	04	02	04

उक्त पदों के सृजन हेतु राशि रूपये 9.50 लाख का व्यय संभावित है । यह विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 100 प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।

2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के कम्प्युटर सेल के वेतन भत्तों हेतु आकस्मिकता निधि से रूपये 1.12 लाख स्वीकृत किया गया है ।

अतः इस अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु राशि रूपये 1,12,000 का प्रावधान किया गया है ।

मुख्य शीर्ष 2015

मद कमांक 5

मुख्य निर्वाचन कार्यालय हेतु मतदाता सूचियों का मुद्रण एवं तैयारी हेतु अतिरिक्त प्रावधान राशि रूप्ये 600.00 लाख की आवश्यकता है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 6,00,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मद कमांक 6

मतदाताओं के फोटो परिचय पत्रों की तैयारी एवं वितरण हेतु अतिरिक्त प्रावधान राशि रूप्ये 300.00 लाख की आवश्यकता है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 3,00,00,000 का प्रावधान किया गया है ।

मुख्य शीर्ष 2052

मद कमांक 7 से 9

माध्यस्थम अधिकरण में चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं अवकाश यात्रा सुविधा हेतु रूपये 100-100 प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा । वाहन मरम्मत हेतु रूपये 1.00 लाख की आवश्यकता है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 1,00,200 का प्रावधान किया गया है ।

मुख्य शीर्ष 4202

मद कमांक 10

हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के भवन निर्माण हेतु राशि रूपये 1000.00 लाख की आवश्यकता है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूप्ये 10,00,00,000 का प्रावधान किया गया है ।